हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 4 दिसंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने देवास जिले में...



09 मेडिकल कॉलेज में 455 मरीज का परीक्षण...



## खबर संक्षेप

### 13 को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जिला न्यायालय परिसर से प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने बिजली कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक विद्युत के लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश स्मृतासिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश एम. के. वर्मा, न्यायाधीश उपं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू विद्युत महाप्रबंधक पूनम तुमराम, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, पैनल लॉयर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### जनसुनवाई में हुई 45 आवेदनों पर सुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिपं सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील है कि गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रह हैं।

## ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, बूचड़खाना खुला तो प्रतिदिन कटेंगे 4 हजार भैंस, बकरा-बकरी और भेड़

# प्रदर्शन: प्रस्तावित बूचड़खाने को लेकन बवाल, यूपी की कंपनी पर झूठी एनओसी लेने का लगाया आरोप

ग्रामीणों ने कंपनी पर आरोप लगाया है कि एसएजी कंपनी ने 24 जनवरी को ग्राम पंचायत/ग्राम सभा कतपोन से एनओसी भवन निर्माण एवं विद्युत कनेक्शन यह कहकर लिया था कि वे यहां फल एवं सब्जियों के संरक्षण का कार्य करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





दोराहा तहसील के ग्राम सतपोन में प्रस्तावित बूचडख़ाना (कसाईखाना) विवादों के केंद्र में आ गया है। आगरा (उत्तर प्रदेश) स्थित एसएजी फूड्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने झूठे दस्तावेज के आधार पर ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र एनओसी लिया और अब यहां रोजाना हजारों भैंस, बकरे और भेड़ काटने का कार्य किया जाएगा।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम सतपोन की कृषि भूमि खसरा नंबर 70/3/2 से 70/3/8 पर एसएजी फूड्स एक्सपोर्ट प्रालि. शोएब अहमद और सगीर अहमद, आगरा निवासी द्वारा यह यूनिट स्थापित की जा रही है। प्रदूषण बोर्ड को दी गई जानकारी के अनुसार यहां प्रतिदिन लगभग 1000 भैंस, 2000 बकरा-बकरी और 1000 भेड़ को काटने का कार्य किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कटान से निकलने वाले चमड़ा, हड्डी, खून और अपशिष्ट से पूरे क्षेत्र में भयानक प्रदूषण और बदबू फैलेगी, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा है।

### फल-सब्जी के नाम पर लिया गया एनओसी

ग्रामीणों ने कंपनी पर आरोप लगाया है कि एसएजी कंपनी ने 24 जनवरी को ग्राम पंचायत/ग्राम सभा कतपोन से एनओसी भवन निर्माण एवं विद्युत कनेक्शन यह कहकर लिया था कि वे यहां फल एवं सब्जियों के संरक्षण का कार्य करेंगे।

हैरानी की बात यह है कि 24 जनवरी को यह जमीन कंपनी के नाम थी ही नहीं, बल्कि अन्य व्यक्तियों शमीम व मो. यासीन के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज थी। कंपनी के नाम पर यह जमीन 07 मई 2025 को दर्ज हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने झूठे दस्तावेज और गलत जानकारी देकर ग्राम पंचायत को गुमराह किया।

### ग्राम पंचायत ने एनओसी किया निरस्त

ग्रामीणों और ग्राम पंचायत को जब असलियत पता चली कि फल-सब्जी के नाम पर बूचडख़ाना खोला जा रहा है, तो ग्राम सभा कतपोन ने 3 अक्टूबर को सर्वसम्मति से एसएजी फूड्स को दिया गया पूर्व का एनओसी निरस्त कर दिया। ग्राम सभा ने यह भी कहा कि चूंकि यूनिट ग्राम सतपोन की कृषि भूमि पर बन रही है, इसलिए नियमानुसार एनओसी भी ग्राम सतपोन की ग्राम सभा से ही लेना अनिवार्य हैए जो कंपनी ने नहीं लिया।

### सुरक्षा पर भी उठाए सवाल

ग्रामीणों ने बूचडख़ाने में काम करने वाले लगभग 600 कर्मचारियों की पृष्ठभूमि को लेकर भी चिंता जताई है। ज्ञापन में कहा गया है कि आज देश के माहौल को देखते हुए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन कर्मचारियों में कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिये या रोहिंग्या हो सकते हैं, जो क्षेत्र ही नहीं, पूरे मध्य प्रदेश की शांति के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर से मांग की है कि क्षेत्र के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस अवैध निर्माण को तुरंत रुकवाया जाए और अनुमति न दी जाए।

## अभ्यास सत्र : बीएसआई मैदान पर सीहोर ने भोपाल को 8 विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर इन दिनों अंडर-18 टीम का अभ्यास सत्र चल रहा है। सीहोर की टीम आगामी 8 दिसंबर को विदिशा में खेली जाने वाली जिला स्तरीय क्रिट प्रतियोगिता के लिए रवाना होगी। वहीं मंगलवार को अभ्यास सत्र के दौरान भोपाल अंकुर अकादमी की टीम को सीहोर अंडर-18 की टीम ने आठ विकेट से हराया। इसमें सीहोर के उभरते स्पिन गेंदबाज देवेन्द्र ने पांच विकेट लिए, वहीं निर्मल ने 52 रन और दीपेश सेन ने 48 रन बनाए थे। वहीं टीम के कप्तान नवनीत सोनी ने शानदार बल्लेबाजी की। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, नागेन्द्र व्यास, मदन कुशवाहा आदि ने टीम को बधाई दी।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मंगलवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल की अंकुर अकादमी की पूरी टीम 114 रन पर सिमटी गई। सीहोर अंडर-18 टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाज देवेन्द्र ने पांच विकेट, कप्तान नवनीत सोनी, सक्षम, फरहान, राजा, दीपेश सेन ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीहोर की टीम ने दीपेश सेन की 48 रन, निर्मल की 52 रन की मदद से आठ विकेट से मैच जीता।

### विस सुसनेर में एसआईआर का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण

*नलखेड़ा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत आगर मालवा जिले की विधानसभा सुसनेर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति यादव के निर्देशन में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव ने बताया कि विधानसभा क्रमांक 165 सुसनेर में मतदाताओं को गणना पत्र वितरण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य शत प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। विधानसभा के 2 लाख 39 हजार 65 मतदाताओं में से 2 लाख 28 हजार 875 मतदाताओं का बीएलओ द्वारा डिजिटाइजेशन किया गया है। शेष 10123 ऐसे मतदाता हैं जो दोहरी प्रविष्टि स्थाई रूप से अन्य जगह शिफ्टेड अनुपलब्ध और पहले से ही नामांकित हैं।*

### रोजगार मेला 9 को, 700 पदों पर होगी भर्ती

सीहोर। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रोजगार मेला मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेगे। इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये आवेदकों को चयनित किया जाएगा।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/Jकैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. शृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगर भोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## 16 हजार छात्रों से कॉलेज प्रबंधन वसूलता है मोटी फीस, लेकिन नहीं देता सुविधा

# वीआईटी विवाद अब विस में गर्माया कांग्रेस विधायक ने सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कोठरी स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी में दूषित पानी और खराब खाने से छात्रों के बीमार होने और हॉस्टल वार्डन द्वारा कथित मारपीट का गंभीर मामला मंगलवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए गूंज उठा। कांग्रेस विधायकों (दिनेश जैन बोस, हेमंत सत्यदेव कटारे और महेश परमार) ने सरकार पर सवाल दागते हुए आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन की लापरवाही से लगभग 300 से अधिक विद्यार्थी पीलिया जैसी बीमारियों का शिकार हुए, लेकिन प्रशासन ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की।

विधायकों ने आरोप लगाया कि महंगे फीस वसूलने वाले कॉलेज प्रबंधन ने समस्याओं का निराकरण करने के बजाय, छात्रों को पीटकर हॉस्टल खाली करा दिया, जिससे हजारों विद्यार्थी अफरा तफरी के माहौल में वापस लौटे। विधायकों के तीखे सवालों के जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने सदन को बताया कि छात्रों की शिकायत पर हॉस्टल वार्डन के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है और जांच में 4 पेयजल सैंपल दूषित पाए गए हैं, जिस पर विश्वविद्यालय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### विधायक बोले, भेज दिया ई-मेल

विधायकों ने कहा कि महंगी फीस वसूलने वाले प्रबंधन ने समस्याओं का निराकरण करने के बजाय अचानक ई-मेल भेजकर 08 दिसंबर तक की छुट्टी घोषित कर दी और हॉस्टल खाली करने का निर्देश दिया। इससे देश के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 16 हजार विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और उन्हें मनमाना किराया देकर वापस लौटना पड़ा।

### मंत्री का जवाब, दो एफआईआर दर्ज

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने सदन को बताया कि विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार 23 छात्र और 13 छात्राओं में जॉन्डिस के लक्षण पाए गए थे, जिन्हें अभिभावकों की सलाह पर घर भेज दिया गया। मंत्री ने पुलिस कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों द्वारा गुणवत्ताहीन भोजन, पेयजल की शिकायत और स्टाफ द्वारा मारपीट के आरोप पर हॉस्टल वार्डन प्रशांत कुमार पांडे एवं अन्य के विरुद्ध मारपीट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं विश्वविद्यालय के आवेदन पर छात्रों द्वारा आगजनी और तोडफ़ोड़.किए जाने के आरोप में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भी मामला दर्ज किया गया है।

### 10 लाख का जुर्माना भी

मंत्री ने बताया कि 26 नवंबर को लिए गए पेयजल सैंपलों की जांच में 18 में से 4 वितरण स्थलों के नमूने दूषित पाए गए। रजिस्ट्रार को जीवाणु निवारण के आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा वीआईटी पर पूर्व में भी प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई की गई है और एक प्रकरण में 10 लाख का अर्थदंड भी लगाया जा चुका है।

### नोटिस जारी किया है

वर्तमान घटना के बाद आयोग ने जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है और विश्वविद्यालय को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा है कि क्यों न उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिला प्रशासन ने परिसर में स्थाई रूप से पुलिस बल तैनात किया है और स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### चोरी कि घटना को बदमाशों ने दिया अंजाम

**चापडा।** बागली नगर में बीच बाजार स्थित एक दुकान में अज्ञात बदमाश चोरी की घटना को अंजाम दे कर फरार हो गए।पुलिस थाना बागली से मिली जानकारी अनुसार फरियादी पवन पिता घनश्याम राठौर ने बताया कि गांधी चौक साँई मंदिर के सामने स्थित दुकान में चोरी कि घटना को अंजाम दिया गया। 2 दिसंबर रात 02 बजे से रात 02.45 बजे के बीच चोरी हुई है। मेरे मकान के सामने आशीष गुप्ता के मकान में मैने किराए पर दुकान ली है। उस दुकान में मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता हूं। दुकान में 03 से 04 पुराने मोबाइल रिपेयरिंग हेतु रखे थे तथा पेनड्राइव, एसडी कार्ड, होम थिएटर, टॉर्च, अन्य ऐसेसीरीज दुकान में रखे थे जो रात में कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी दुकान की शटर के ताले तोड़कर करीबन 10 हजार का सामान ले गया। पुलिस व्दारा उक्त मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### घायल को पहुंचाया अस्पताल

**चापडा।** बाइक सवार दिनेश पिता मनोहर उम्र 50 साल निवासी बिचोली मरदाना इंदौर से बागली होकर जटाशंकर घाट के नीचे से जिनवाणी अपने ससुराल जा रहा था। तभी डेरी बोरी के समिप अचानक उसकी गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया, जिस कारण बाइक गिर गई, जिससे उसके सर में चोट आई। आपात कॉल पर 112 चापड़ा गाड़ी तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को बागली सरकारी हॉस्पिटल इलाज के लिए छोड़ा गया। एफआरवी 16 स्टॉप आरक्षक 545 जीवन मालवीय, पायलट अंकित चौधरी तुरंत मौके पर पहुंच कर घायल को अस्पताल लेकर आए।

### मुख्यमंत्री ने विभाग की समीक्षा बैठक में जिले में किए गए नवाचार किलकारी अभियान की सराहना की

# कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने देवास जिले में किया जा रहा उत्कृष्ट कार्य, अन्य जिलों में करें शुरूः सीएम यादव


फाइल फोटो।


फाइल फोटो।

**कलेक्टर एवं सीइओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में अभियान अंतर्गत मई 2025 में जिले के 1740 सैम बच्चे एवं 7019 मैम बच्चों की पहचान कर कुपोषण से किया मुक्त।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल में राज्य स्तरीय महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में बैठक में देवास जिले में किए गए नवाचार "किलकारी अभियान" की प्रशंसा करते हुए कहा कि कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए देवास जिले में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस प्रकार के नवाचार प्रदेश के सभी जिलों में होना चाहिए, जिससे प्रदेश भर में कुपोषण को खत्म करने में नई गति मिल सके। उल्लेखनीय है कि देवास जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं सीइओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में "किलकारी अभियान" नवाचार को माह मई 2025 में जिले के 1740 सैम बच्चे एवं 7019 मैम बच्चों की पहचान कर उन्हें कुपोषण से मुक्त करने के लिए अभियान शुरू किया गया। इन बच्चों अमलतास अस्पताल, सोनकच्छ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, इंडेक्स अस्पताल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द में भर्ती कर बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराया गया। यह अभियान कुपोषण के खिलाफ जिले का सबसे प्रभावी नवाचार साबित हुआ है। जिले में किलकारी अभियान कुपोषण से लड़ने के लिए एक अनूठी पहल है। यह अभियान बच्चों में कुपोषण खत्म करने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान देवास ही नहीं बल्कि प्रदेश और देश में अपनी पहचान बना रहा है। किलकारी अभियान कुपोषण के खिलाफ एक लड़ाई है, जिससे हम जिले से कुपोषण को खत्म करेंगे। हमारा प्रयास है कि हम आगामी छः माह में कुपोषण से ग्रसित बच्चों को पोष्टिक आहार एवं उनकी माताओं को पोष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जिससे वे अपने बच्चों को कुपोषण से बचा सकते है।

#### केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने भी किया था निरीक्षण

केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सावित्री ठाकुर ने जिले में बच्चों और माताओं के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन देवास द्वारा चलाए जा रहे "किलकारी" पोषण अभियान के तहत अमलतास अस्पताल देवास में बनाए गए "पोषण पुनर्वास केंद्र" निरीक्षण किया था और इस अभियान की सराहना की थी।

#### इन स्थानों पर भी बनाए पोषण पुनर्वास केंद्र

जिले के बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए किलकारी" पोषण अभियान के तहत सिविल अस्पताल सोनकच्छ में पुनर्वास केंद्र बनाया गया। खातेगांव एवं बागली विधानसभा क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के लिए इंडेक्स अस्पताल इंदौर में "पोषण पुनर्वास केंद्र बनाया गया, जहां पर भर्ती बच्चों का उपचार किया।

#### कुपोषण के प्रमुख कारण

कुपोषण के प्रमुख कारण जागरूकता का अभाव, पौष्टिक भोजन के प्रति अज्ञानता, पौष्टिक भोजन की पूर्ति न होना, स्वास्थ्य के प्रति गंभीर न होना, सामान्य व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति लापरवाही, बाल विवाह, कम आयु में माँ बनना, किशोरी बालिकाओं में एनीमिया, बच्चों की अधिक संख्या होना है।

#### अभियान का क्रियान्वयन

किलकारी अभियान के क्रियान्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य. शिक्षा एवं चिकित्सालयों के प्रबंधकों की बैठक का आयोजन कर कुपोषण के विषय पर संवेदनशील किया गया। बच्चों के अभिभावकों को कुपोषण की गंभीरता को लेकर प्रेरित किया गया। आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अमलतास एवं इंडेक्स चिकित्सा महाविद्यालयों की बसों में परिवहन व्यवस्था निःशुल्क की उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकीय जाँच एवं दवाईयों की निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। बच्चों के अभिभावकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को चिकित्सालयों में स्वाथ्य पोषण, स्वछता की शिक्षा महाविद्यालयों, नर्सों के माध्यम से दिलवाई गई। डिस्चार्ज होने के बाद प्रत्येक बच्चों के फालोअप के लिए अभिभावकों को तैयार किया गया। क्षेत्रवार बच्चों को चिकित्सालयों में 14 दिवस तक भर्ती करवाने की मैपिंग की गई।

## नवनियुक्त प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में आधे दर्जन से ज्यादा कांग्रेसी नेताओं के कटी जेब, मोबाइल हुए चोरी, कोतवाली थाने पर दिया आवेदन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नवनियुक्त महिला कांग्रेस की नई प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को पदभार ग्रहण करने इंदौर से भोपाल की और रवाना हुई थी। उनका देवास में कांग्रेसियों ने स्वागत किया। स्वागत के दौरान कई कांग्रेसी नेताओं की जेबें कट गई, उन्होंने कार्यक्रम के बाद कोतवाली थाने पर थाना प्रभारी को आवेदन दिया।

कांग्रेसियों ने आवेदन देकर आरोपियों को जल्द पकडऩे की मांग की। महिला कांग्रेस की नई प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी बुधवार को पदभार ग्रहण करने इंदौर से भोपाल रवाना हुईं। रैली के रूप में कार्यकर्ताओं के साथ निकली रीना का कांग्रेसियों ने स्वागत किया। रैली इंदौर से शुरू होकर सांवेर, उज्जैन, देवास, सोनकच्छ, आष्टा और सीहोर होते हुए भोपाल गई।

#### बीएलओ पर बनाया जा रहा दबाव

रीना बौरासी ने कहा कि वह महिलाओं में उत्साह देख रही हैं। उन्होंने कांग्रेस में महिलाओं को मजबूत करने और उन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया। एसआईआर (मतदाता सूची पुनरीक्षण) के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है और उन पर दबाव डाला जा रहा है, जिसके कारण बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीएलओ को ट्रेनिंग भी नहीं दी है। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रोहिणी कलाम की आत्महत्या के मामले पर कहा कि एक खिलाड़ी को इतना परेशान किया गया कि उसे आत्महत्या करनी पड़ी। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद इस मामले को उठाने और परिजनों से मुलाकात करने की बात कही।

#### स्वागत समारोह में 6 लोगों की जेब कटी

कार्यकर्ताओं ने बताया कि जैसे ही भीड़ बढ़ी, कुछ संदिग्ध लोग इधर-उधर घूमते दिखाई दिए। कार्यक्रम खत्म होने के बाद कई कार्यकर्ताओं को पता चला कि उनके पर्स और मोबाइल गायब हैं। इसके बाद सभी कोतवाली थाना पहुंचे और घटना की शिकायत थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर की। कार्यकर्ताओं ने बताया कि जेब से करीब 30 हजार से अधिक राशि की चोरी हुई है।

## कचरा वाहन चालकों की हड़ताल, नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कचरा वाहन चालकों की हड़ताल, 3 महीने से नही मिला वेतनदेवास। बुधवार सुबह कचरा संग्रहण व्यवस्था अचानक ठप हो गई। ठेकेदार के कचरा वाहन चालकों ने तीन महीने से वेतन न मिलने का आरोप लगाते हुए काम बंद कर दिया और हड़ताल पर चले गए। शहर में सफाई व्यवस्था बिगड़ते देख नगर निगम आयुक्त दिलीप सिंह खुद डिपो पहुंचे।

उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत निगम के ड्राइवरों को काम पर लगाया और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए। हड़ताल की सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारी तत्काल कचरा गाडिय़ों के डिपो पहुंचे। उन्होंने चालकों से बातचीत कर मनाने का प्रयास किया, लेकिन चालक अपनी मांगों पर अड़े रहे। चालकों का आरोप है कि उन्हें ठेकेदार द्वारा पिछले दो से तीन माह से भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम आयुक्त दिलीप सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कचरा वाहन चालकों का भुगतान ठेकेदार के माध्यम से होता है और ठेकेदार ने ही उनका भुगतान रोका है। उन्होंने इस मामले में ठेकेदार से जल्द चर्चा करने की बात कही।

#### निगम के ड्राइवरों ने संभाला मोर्चा

हड़ताल के कारण बिगड़ते हालात को देखते हुए नगर निगम ने तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था लागू की। शहरवासियों को असुविधा से बचाने के लिए निगम के दैनिक वेतन भोगी और कुछ स्थायी चालकों को कचरा वाहनों पर तैनात किया गया, जिसके बाद गाडिय़ां शहर के लिए रवाना हुईं। निगम आयुक्त ने दोहराया कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था किसी भी कीमत पर प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि ठेकेदार से बात की जाएगी और यदि आवश्यक हुआ तो उसे ब्लैकलिस्ट कर अनुबंध समाप्त करने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा।

## मारपीट करने वाले 4 आरोपी पकड़ाए, पीड़ित के भाई पर लड़की भगाने के नाम पर की थी मारपीट



देवास। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने बुधवार को घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला 11 सितंबर 2025 की रात करीब 9 बजे का है, जब फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, जितेंद्र सोलंकी, पप्पू सोलंकी, राकेश चौहान और प्रकाश चौहान जबरन उनके घर में घुस आए। उन्होंने पीड़ित के भाई पर अपनी लडक़ी को भगाकर शादी करने का आरोप लगाते हुए गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद पुलिस ने धारा 331(6), 296, 115(2), 351(3), 3(5) के तहत केस दर्ज किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। आरोपियों में जितेंद्र सोलंकी (पिता यशवंत सोलंकी, 32 वर्ष), पप्पू सोलंकी (पिता जसवंतसिंह सोलंकी, 43 वर्ष), राकेश चौहान (पिता पिरुलाल चौहान, 33 वर्ष) और प्रकाश चौहान (पिता नवलसिंह चौहान, 48 वर्ष) शामिल हैं। ये सभी बैलदार मोहल्ला अमोना, देवास के निवासी हैं।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

# दिव्यांगों को मिलने वाली विधिक सहायता योजना की दी जानकारी






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में एवं रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के निर्देशन में बुधवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 03 परिसर स्थित दिव्यांग छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर,जागरूकता कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिताः- दौड़, थ्रोबॉल, बॉल बकेट, नीबू रेस, चेयर रेस, चित्रकला, भजन गायन, नृत्य आदि का आयोजन किया गया।

आयोजित हुए विधिक जागरूकता शिविर में रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने अपने उद्बोधन में उपस्थित दिव्यांग बच्चों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की योजना मानसिक बीमार एवं दिव्यांग व्यक्ति को निःशुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी देकर उपस्थित बच्चों को जागरूक कर, शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया। उक्त प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया ।

इस अवसर पर उक्त कार्यक्रम में कुंवर युवराज सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड देवास, अजय कुमार मिश्रा, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र देवास, किशोर वर्मा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केन्द्र देवास, सुनीता यादव उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्त जन कल्याण विभाग देवास, रेणु गुप्ता एपीसी, सुरेश ठाकुर, प्रधान अध्यापक माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 03 देवास एवं समस्त स्टॉफ सहित छात्रावास के समस्त दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे।

## श्री दत्त जयंती आज, कांकड़ और श्रीगुरुचरित्र पाठ होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्री दत्तपादुका मंदिर श्री क्षेत्र बांगर में श्री दत्त जन्मोत्सव गुरुवार को मनाया जाएगा। प्रातः 4:30 पर कांकड़ आरती होगी। सुबह 6:00 बजे से श्री गुरुचरित्र का पाठ होगा। तत्पश्चात नियमित पूजा आरती होगी। इसी के साथ दिनभर दर्शन एवं भजन-कीर्तन के कार्यक्रम होंगे। मंदिर परिसर को इस अवसर पर सुसज्जित भव्य रूप से सजाया गया है। अनेक सुगंधित पुष्पों के साथ ही आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। मंदिर व्यवस्थापक एवं पुजारी दत्तप्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि प्रमुख आयोजन श्री दत्त जन्मोत्सव शाम 5:40 को मंदिर परिसर में मनाया जाएगा। जन्म के बाद पालना गीत एवं आरती होगी। शाम को 6.30 पर धूप आरती होगी,उसके बाद शाम 7 बजे महाआरती होगी। उन्होंने बताया कि इस साल भव्य रूप से श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है जिसको देखते हुए सभी कार्य पूर्ण रूप से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी व्यवस्थित रुप से किए गए एवं मंदिर को कई क्विंटल फूलों से सजाया गया है। सप्ताहभर से अनेक भजन मंडली द्वारा मंदिर प्रांगण में प्रस्तुति दी गई है,जिसके चलते सच्चीतानंद भजन मंडली देवास,इंदौर के स्वराली भजन मंडल, श्रीराम भजन मंडल,विसावा भजन मंडल,कल्याण सेवक मंडल,सरस्वती संगीत विद्यालय देवास का कार्यक्रम हुआ। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री दत्त जन्मोत्सव के निमित्त महाप्रसाद भंडारा 7 दिसंबर रविवार 2025 को मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे से 5 बजे तक रखा गया है।

## आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण कैंप

# मेडिकल कॉलेज में 455 मरीज का परीक्षण मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सलाह दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउण्डेशन द्वारा पं. रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज ग्राम खडोबरा स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के तत्वाधान में मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी डी.के. शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर मेडिकल कैम्प का शुरुआत किया। प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, राहुल पटैरिया, प्रभुदयाल कुशवाहा ने राज्यमंत्री, जिलध्यक्ष, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन पं.जयप्रकाश द्विवेदी ने किया। राज्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शिविर लगाना गरीब जनता को सीधे लाभ पहुंचने की सरकार की मंशा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की सोच हैं कि गांव-गांव तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए इस तरह के स्वास्थ्य कैंप लगाए जाना चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा मरीजों को लाभ मिल सके और उनकी जांच हो सके अस्पताल आने में असमर्थ ऐसे मरीज कैंप का लाभ उठा रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण जनता को देना यह धार्मिकता के साथ-साथ मानव सेवा करने का कार्य है। मानव सेवा ही सही सेवा है हमने देखा है कि छात्र-छात्राएं बुजुर्ग मरीजों को पर्चा बनाकर अपने साथ ले जा रहे है और डॉक्टर को दिखावा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर मरीज का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें बीमारियों के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां दिलाने में भी सहयोग कर रहे हैं। साथ ही साथ मरीज को निशुल्क दवाइयां दिलवा रहे हैं। यह देखकर खुशी हुई कि अति पिछड़े क्षेत्र में पं रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल कॉलेज खडोबरा में पढने वाले छात्र छात्राएं भी बुजुर्गों की सेवा करने के लिए कितनी लगन और निष्ठा से सेवा कर रहे है।

## राज्यमंत्री ने ब्लड शुगर की जांच कराई



मेडिकल कैम्प में राज्यमंत्री ने भी अपने ब्लड शुगर की जांच कराई। मेडिकल कैंप में लगभग 455 मरीजों का परीक्षण और निशुल्क दवा वितरण हुए, जिसमें नेत्र विभाग के डा.जे.एस.बख्शी ने परीक्षण के बाद कुछ मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु परामर्श दिया और कहा की मेडिकल कॉलेज जाकर अपनी आंखों का ऑपरेशन समय से कराले है। अभी मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन चल रहे हैं जिसका लाभ इस अति पिछड़े क्षेत्र के लोग ले सकते हैं। मेडिकल कैंप के लिए मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला और सर्जन डा.डी.के.राज और प्रो.डा.घनश्याम के अलावा फिजियोथैरेपिस्ट डा.सौरभ देवलिया का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, वरिष्ठ नेता गंधर्व सिंह लोधी, महावीर दीक्षित, शिवमोहन रिछारिया, चेतन कुशवाहा, राजेश श्रीवास्तव, हरेंद्र रिछारिया, रामजी यादव, उधम यादव, जयकुमार कुशवाहा, शिक्षकों में राहुल पटैरिया, प्रभुदयाल कुशवाहा, आकांक्षा राजा, अंजलि राजा और संजय राजा ने सभी का आभार जताया। आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन अध्यक्ष पत्रकार सुनील शर्मा ने शिविर की सफलता के लिए आभार जताया।

## पूर्व भाजपा नगराध्यक्ष ने सौंपा पत्र

# नियमों की धज्जियां उड़ा संचालक डीजे बजा रहे

**ललितपुर।** सहालग के इस दौर में शादीघरों के आसपास बसीं कालोनियां और यहां रहने वाले लोगों को अनावश्यक ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मानकों की धज्जियां उड़ाते हुये डी.जे. संचालकों द्वारा अत्याधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने डी.जे. संचालकों द्वारा ध्वनि प्रदूषण के मानकों पर अमल कराये जाने और लोगों को हो रही अनावाश्यक परेशानियों को दूर किये जाने की मांग उठायी है। डीएम को भेजे पत्र में पूर्व नगराध्यक्ष भाजपा मनीष अग्रवाल ने बताया कि नगर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से इसी क्षेत्र में विवाह, पार्टियों और आयोजनों में अत्याधिक तेज आवाज में डी.जे. साउण्ड सिस्टम बजाया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों व छोटे बच्चों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात में अत्याधिक आवाज में साउण्ड सिस्टम बजाये जाने से रात में स्थिति और भयावह हो जाती है। उन्होंने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय से निर्धारित मानकों से अधिक ध्वनि होती है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम व ध्वनि प्रदूषण (नियमन व नियंत्रण) नियम 2000 का हवाला दिया है। उन्होंने मांग उठायी है कि गल्ला मण्डी क्षेत्र में डीजे से हो रहे अत्याधिक ध्वनि प्रदूषण की जांच कराये जाने, आयोजकों को नियमों व समय-सीमा का पालन सुनिश्चित कराये जाने, रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार के डीजे/तेज ध्वनि के उपकरण उपयोग पर रोक, सम्बन्धित थाना प्रभारी को उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित करें।

## शराब पीने साथ जाने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** नाराहट थानान्तर्गत ग्राम स्वैराई (झरावटा) में रहने वाले दयाराम बरार पुत्र तुलसीराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 30 नवम्बर को सुबह 11 बजे ग्राम झरावटा निवासी रवि पुत्र प्यारेलाल ने अपनी मोटर साइकिल से उसे शराब पिलाने ले जा रहा था, जब उसने मना किया तो उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी गयी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायती पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## महिला समेत बच्चे को किया बेदखल

# दहेज में एक लाख रुपए नकद व मोटरसाइकिल की मांग की

- प्रोजेक्ट नई किरण में उसका सुलह-समझौता कराते हुये पति के साथ भेज दिया गया था
- आरोप है कुछ ही दिनों बाद आकाश व सास-ससुर ने दहेज का उलाहना देते हुये मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम गुरसौरा में रहने वाली कल्पना पुत्री काशीराम लोधी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी शादी चार वर्ष पहले मप्र जिला शिवपुरी के थाना बामौरकलां अंतर्गत ग्राम नयागांव निवासी आकाश लोधी पुत्र पंचम के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुयी थी। शादी में उसके पिता ने हैसीयत अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन शादी के बाद पति आकाश, ससुर पंचम, सास सुनीता दहेज से संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये नकद व मोटरसाइकिल की मांग की जाने लगी। कुछ समय पश्चात उसने एक पुत्र को जन्म दिया, जो कि वर्तमान में 2 वर्ष 2 माह का है, जिसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया। मामले की शिकायत पीड़िता ने महिला थाना और प्रोजेक्ट नई किरण में दी। प्रोजेक्ट नई किरण में उसका सुलह-समझौता कराते हुये पति के साथ भेज दिया गया। यहां आरोप है कि कुछ ही दिनों बाद आकाश व सास-ससुर ने दहेज का उलाहना देते हुये मारपीट कर दी। पीडिता ने बताया कि 30 नवम्बर को शाम 4 बजे आकाश ने शराब के नशे में धुत्त होकर उसके साथ मारपीट की और दहेज में एक लाख रुपये नकद व मोटर साइकिल की मांग करते हुये मारपीट कर दी। मामले की सूचना पीडिता ने अपने पिता को दी, जिस पर पिता ने उसके ससुराल पहुंच कर देखा तो उसके सिर, हाथ में चोट थी। ससुरालियों ने उसे घर से निकालते हुये जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अधिवक्ता दिवस मनाया, डा.राजेंद्र प्रसाद को पुष्प अर्पित किए

# वकालत के आदर्शों व दायित्वों को समर्पित रहा समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला बार एसोसिएशन भवन में शुक्रवार को अधिवक्ता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के प्रथम राष्ट्रपति और प्रसिद्ध विधिवेत्ता डा.राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी व वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकीनाथ बिलगैया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ता समुदाय में उत्साह और शपथ की भावना देखने को मिली। अधिवक्ताओं ने विधि और न्याय के संरक्षण में अपनी भूमिका को सर्वोपरि बताया। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता केवल वाद प्रस्तुत करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था का प्रमुख स्तंभ होता है। डा.राजेंद्र प्रसाद ने अपने व्यक्तित्व से यह सिद्ध किया था कि सत्य, विधि और मानवता का सम्मान ही अधिवक्ता का धर्म है। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम न्याय की रक्षा हेतु ईमानदारी, निष्ठा और साहस के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकीनाथ बिलगैंया ने कहा कि न्यायालय में वकालत केवल पेशा नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी है। अधिवक्ता न्यायपालिका और आम जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। हमें वकालत के स्तर को उच्च बनाते हुए विधि प्रक्रिया को सरल, निष्पक्ष और सुलभ बनाने पर ध्यान देना चाहिए। अधिवक्ता जयकुमार चौधरी ने व्यक्त किए विचार करते हुये कहा कि आज का दिन हमें याद दिलाता है कि अधिवक्ता केवल मुकदमों की लड़ाई नहीं लड़ते, बल्कि न्याय व्यवस्था में विश्वास जगाने का कार्य करते हैं। समाज का एक बड़ा वर्ग न्यायालय तक तभी पहुंचता है जब उसके साथ अन्याय होता है, ऐसे में अधिवक्ता उम्मीद की पहली आवाज और संविधान की पहली ढाल होता है।

## डा. राजेंद्र प्रसाद संघर्ष, समर्पण और सौम्यता की प्रतिमूर्ति थे



अधिवक्ता जानकी प्रसाद बौद्ध ने भी रखे विचार रखते हुये कहा कि डा. राजेंद्र प्रसाद संघर्ष, समर्पण और सौम्यता की प्रतिमूर्ति थे। उनका जीवन संदेश देता है कि वकील की आवाज तब तक प्रभावशाली नहीं हो सकती जब तक उसमें सत्य और अध्ययन की शक्ति न हो। अधिवक्ताओं को सतत अधिगम और विधिक सुधारों की समझ आवश्यक है। इस दौरान जीवनधर लाल जैन, अशोक रिछारिया, मनोहर सिंह ठाकुर, जयकुमार चौधरी, अशोक कुमार त्रिपाठी, त्रिलोकीनाथ बिलगैया, बृजेंद्रसिंह यादव, अंकित जैन, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, शेरसिंह यादव, शशिकांत, अनुराग लोधी, वीरेश कुमार चौबे, रामगोपाल अहिरवार, आकाश झा, अखिलेश राय, प्रताप सिंह, राजीव तिवारी, कमलेश कुशवाहा, आनंद प्रजापति, नासीर खा, मनीष मालवीय, विजय गोस्वामी, सुरेश खरे, पुष्पेंद्र गोस्वामी, अर्जुन सिंह, राकेश रजक, बलराम कुशवाहा, विकास झा आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता और लॉ क्लर्क उपस्थित रहे। अंत में सभी ने न्याय, संविधान और विधि के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में वंदे मातरम के साथ अधिवक्ता दिवस समारोह का समापन हुआ।

## तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# प्रचार-प्रसार कर रहे ई-रिक्शा चालक को दो युवकों ने पीटा

**ललितपुर।** बालाजी मंदिर गोविन्दनगर में होने वाले हवन का ई-रिक्सा पर माइक लगाकर प्रचार-प्रसार कर रहे चालक से दो युवकों ने आवाज कम करने की धमकी देते हुये मारपीट कर दी। ई-रिक्शा चालक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। गांधीनगर में रहने वाले परशुराम पाल पुत्र दलू पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ई-रिक्सा चलाकर अपना व परिवार का भरण-पोषण करता है। बीते मंगलवार को वह गोविन्दनगर में बालाजी मंदिर पर होने वाले हवन को लेकर प्रचार-प्रसार कर रहा था। गोविन्दनगर पहुंचने पर वहां मौजूद सोहेल खान पुत्र झल्लू, खच्चू पण्डित व टीकमगढ़ खुशबू गार्डन के पास निवासी जावेद नाम के युवकों ने उसे रोक लिया और माइक की आवाज कम करने की बात कहते हुये धमकाने लगे, जिस पर उसने आवाज कम की और आगे चला गया। जब वह लौटकर आया तो उक्त लोग फिर मिले और आवाज कम करने की बात को लेकर गालियां देने लगे और विरोध करने पर मारपीट कर दी।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया

# शत-प्रतिशत एसआईआर करने वाले बीएलओ सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) का कार्य 4 नवम्बर से प्राथमिकता के आधार पर चल रहा है, जिसका सम्पादन ससमय किया जाना अतिआवश्यक है। इसी सपने को शाकार करने के लिए जिला प्रशासन के निकट पर्वेक्षण में 226-ललितपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत कार्य करने वाले लगभग 50 बी.एल.ओ. द्वारा शत-प्रतिशत एस.आई.आर का कार्य पूर्ण किया गया है, जिसमें अलिखेश दुबे, रशीदा बानो, अंगूरी, पिंकी, अंजना, सुषमा, बबीता, निशा नामदेव, सुलेखा, ऊषा नामदेव, सखी खटीक, रेखा वर्मा, गीता रजक, रामदेवी, गीतादेवी आदि बी.एल.ओ. सम्मिलित है।

जिन्हें एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष कुमार एसडीएम न्यायिक ज्ञानेन्द्र विक्रम, अपर एसडीएम प्रथम भूपेन्द्र सिंह, तहसीलदार तनवीर हसन, नायब तहसीलदार घनेन्द्र तिवारी, सीडीपीओ खूशबू यादव ने फूलमाला पहनाते हुये मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया।

# पुलिस ने एफआईआर दर्ज की पति के दोस्त पर लगाए महिला ने बदनाम करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

दोस्त की पत्नी को बदनाम करते हुये अभद्रता करने, गालियां देते हुये मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में महिला ने कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौकाबाग में रहने वाली गेन्दा अहिरवार पत्नी विजय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति का दो इलाईट चौराहा के पास रहने वाला अजय राजा उस पर आरोप लगाते हुये बदनाम कर रहा है और पति के खिलाफ भी उलटा-सीधा बोल रहा है। इतना ही नहीं सार्वजनिक तौर पर बदनाम करने पर उसके खिलाफ पूर्व में पीड़िता द्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गयी थी। आरोप है कि मंगलवार को अपराह्न 1.30 बजे जब वह घण्टाघर के पास थी, तभी अजय राजा आया और उससे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये गालियां देने लगा। विरोध करने पर अजय राजा ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# खेत में खड़ी मसूर की फसल में पानी भर दिया उलाहना देने पर पिता-पुत्र के साथ मारपीट की

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी के ग्राम चौकी में रहने वाले द्वारका प्रसाद कुर्मी पुत्र रघुवीर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके खेत में खड़ी मसूर की फसल में गांव के अनिल पुत्र बालमुकुन्द ने पानी भर दिया, जिससे फसल को नुकसान पहुंचा है। जब उसने उलाहना दिया तो आरोप है कि अनिल ने गालियां दी। बताया कि 2 दिसम्बर को अपराह्न करीब ढ़ाई बजे वह अपने पुत्र हिमांशु के साथ हनुमानजी मंदिर के पास खड़े थे, तभी अनिल व मनोज पुत्रगण बालमुकुन्द, उद्देश, गनेश व महेश पुत्रगण अनिल ने हाथों में लाठी-डण्डे, कुल्हाड़ी लेकर उसे गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने आये गांव के मुन्नालाल पुत्र बलू के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। हमले में उसके पुत्र हिमांशु को भी सिर में चोटें आयीं हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

नाराहट थाना क्षेत्र के रहने वाले भागचन्द्र अहिरवार पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 23 नवम्बर को अपराह्न करीब 3 बजे वह अपने पिता श्यामलाल पुत्र मनू के साथ खाद लेने के लिए पैदल-पैदल नाराहट जा रहा था। वह नाराहट थाना तिराहा पहुंचा ही था कि तभी पीछे से सचिन उर्फ सत्तू कुशवाहा पुत्र भजनलाल अपनी मोटर साइकिल सं. यू.पी.94 एक्स 7808 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये आया और उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। पिता को एम्ब्युलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरधा लेकर पहुंचा तो उन्हें हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल ललितपुर और फिर वहां से झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया कि उपचार के दौरान 1 दिसम्बर को उसके पिता की मृत्यु हो गयी। भागचन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## किसान योजना का लाभ लेने 15 तक बुकिंग अवश्य करा लें

# प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान में सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग कराएं किसानः डीएम

- योजना का उद्देश्य किसानों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, कृषि क्षेत्र में डीजल का उपयोग कम करना, पर्यावरण प्रदूषण को कम करना, किसानों की आय बढ़ाना और गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से बिजली की स्थापित क्षमता का हिस्सा बढ़ाना है।



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने अवगत कराया है कि जनपद के किसानों की खुशहाली, समृद्धि और उनकी आय को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी.एम.कुसुम) संचालित है, जिसमें अनुदान पर सोलर पम्प उपलब्ध कराये जाते हैं। इस योजना का उद्देश्य किसानों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, कृषि क्षेत्र में डीजल का उपयोग कम करना, पर्यावरण प्रदूषण को कम करना, किसानों की आय बढ़ाना और गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से बिजली की स्थापित क्षमता का हिस्सा बढ़ाना है। जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों को इस किसान हितैषी योजना के बारे में बताते हुए कहा कि पीएम-कुसुम योजना उत्तर प्रदेश में किसानों को सौर ऊर्जा से सिंचाई करने और अपनी बंजर/अनुपजाऊ भूमि से आय अर्जित करने में मदद करती है। यह योजना किसानों को सब्सिडी पर सौर पंप खरीदने, स्टैंड-अलोन सौर पंप स्थापित करने, और ग्रिड से जुड़े पंपों का सौर ऊर्जा से संचालन करने की अनुमति देती है। इससे डीजल पर निर्भरता कम होती है और बिजली उत्पादन तथा पारेषण हानियां भी कम होती हैं। उन्होंने जनपद के समस्त सम्मानित किसानों को अवगत कराया है कि जनपद में सिंचाई हेतु कृषि विभाग से संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी.एम. कुसुम) योजनान्तर्गत सोलर पम्प की बुकिंग कृषि विभाग की वेबसाइट पर प्रारम्भ हो गयी है। जनपद में पोर्टल के अनुसार 1370 के लक्ष्य प्रदर्शित हो रहे है। अतएव कृषि विभाग में पंजीकृत इच्छुक कृषक योजना का लाभ लेने के लिये 15 दिसम्बर तक अपनी बुकिंग अवश्य करा लें।

### 12 फीट चौड़े डिवाइडर से उछलकर बस पहुंची दूसरी लेन

# बस ने कार को पीछे से मारी टक्कर 12 यात्री घायल, 2 शाजापुर रेफर







हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-पचोर

शहर में मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे पचोर-ब्यावरा हाइवे पर एक तेज रफ्तार लोकल यात्री बस ने आगे चल रही कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार सड़क से घिसटती हुई डिवाइडर से सटकर किनारे जा गिरी, जबकि बस उछलकर करीब 12 फीट चौड़े कच्चे डिवाइडर को पार कर विपरीत दिशा की लेन में जा खड़ी हुई। दुर्घटना में बस कंडक्टर समेत 12 यात्री घायल हुए, जिनमें से दो की हालत गंभीर है।

जानकारी के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब ब्यावरा की ओर से तेज गति से आ रही प्रज्ञा ट्रैवल्स की बस एमपी 09 एफए 3815 ने शिवपुरी से इंदौर जा रही कार क्रमांक एमपी 09 डीएल 7545 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार का नियंत्रण पूरी तरह बिगड़ गया और वह लंबी दूरी तक घिसटते हुए सड़क किनारे पलटने से बचते हुए डिवाइडर के पास जा थमी। बस की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वह डिवाइडर पार कर उलटी दिशा की सड़क पर जाकर रुकी।

#### पुलिस व एम्बुलेंस दल ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

मौके पर पहुंची पुलिस और एम्बुलेंस दल ने सभी घायलों को पचोर सिविल अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दीपांश (14) निवासी इंदौर को गंभीर अवस्था में शाजापुर रेफर किया गया, जबकि बस कंडक्टर पप्पू पिता धुलजी राव (35) निवासी मिट्ठनपुर, राजगढ़ को हालत नाजुक होने पर राजगढ़ जिला अस्पताल भेजा गया।

#### पचोर अस्पताल में इनका हुआ प्राथमिक उपचार

भानुबाई नामदेव (70) शिवपुरी
वंश नामदेव (12) इंदौर
आरुषि नामदेव (9) इंदौर
किरण नामदेव (52)
विशाल नामदेव (13)
देववंती भिलाला (19) लटुरी
निकिता (24) सनखेड़ी
प्रताप सिंह वर्मा (64) नापल्याखेड़ी
दुर्गाबाई (28) नापल्याखेड़ी
गीताबाई (50) नापल्याखेड़ी

#### 15 साल पुरानी बसों को बंद करने के आदेश पर भी अमल नहीं

हाल ही में परिवहन मंत्रालय द्वारा एक आदेश जारी कर प्रदेश भर से कंडम बसों को जिनकी उम्र 15 साल हो चुकी है उन्हें तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। परंतु आरटीओ के ढीले रवैए के कारण आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई बल्कि स्थानीय स्त्रोतों को सच माना जाए तो पचोर- ब्यावरा मार्ग पर करीब दर्जन भर बसें रोजाना तीन से चार फेरे लगाती हैं, जिनमें कई पुराने और बिना परमिट की बसें भी संचालित होने की बात सामने आती रहती है।

#### इनका कहना है...

बस की स्पीड अत्यधिक थी जिसके चलते यह हादसा हुआ। हमने बस को जब्त कर लिया है। और मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।
**शकुंतला बामनिया**, थाना प्रभारी

### संवाद से समाधान कार्यक्रम के तहत लापरवाहों पर कलेक्टर की गाज

# एएनएम की सेवा समाप्त, 2 बीपीएम और बीईई पर भी की गई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के तहत कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने संवाद से समाधान कार्यक्रम शुरू किया हुआ है। इसके तहत हर हफ्ते किसी एक विभाग की चिन्हित शिकायत सामने रख शिकायतकर्ता और संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी को बैठाकर समस्या का समाधान साथ ही लापरवाहियों पर कार्यवाही की जाती है।

इसके तहत कल स्वास्थ्य विभाग की प्रसूती शिकायतों को चिन्हित किया गया। एक शिकायतकर्ता बाबूराम वर्मा द्वारा बताया गया कि रामकन्याबाई का नसबंदी ऑपरेशन 2 साल पहले हुआ लेकिन उन्हें अभी तक उनकी राशि प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे में कलेक्टर ने बीपीएम राजेश यादव और नरसिंहगढ़ बीईई के वेतन से 30 हजार रुपए काटकर रामकन्याबाई को देने के निर्देश सीबीएमओ को प्रदान किए। इसी तरह प्रसूती सहायता के तहत सुनीता तंवर नाम की महिला को भी 2 साल से सहायता राशि के लिए भटकाया जा रहा था। इस लापरवाही पर कलेक्टर ने बीपीएम रामबाबू दांगी, लेखापाल मनोज जाटव को 7 दिवस में राशि भुगतान करने के आदेश दिए।

#### एएनएम को हटाने के निर्देश

प्रसूती सहायता के एक मामले में सबा पत्नी वाहिद खान की समग्र आईडी एएनएम द्वारा गलत अपलोड करने के चलते उन्हें राशि नहीं मिल पाई। इस पर कलेक्टर ने एएनएम रानू चौरासिया की संविदा सेवा समाप्त करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। प्रसूती सहायता के एक अन्य मामले में लापरवाही पर सारंगपुर के जगदीश दांगी एवं देवेंद्र वर्मा का 7 दिवस का वेतन काटने व एनएचएम एमडी को पत्र लिखने के निर्देश प्रदान किए। जीवन निर्वाह भत्ता पेंडिंग रखने के एक मामले में जिला चिकित्सालय के लेखापाल दिनेश पारीक की भी एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

### गायों को बेचने जा रहे ग्रामीण से गोतस्करी के नाम पर अभद्रता की

**ब्यावरा।** कालीपीठ थाना क्षेत्र के ग्राम महाबल से गोपालक अपनी दो गायों को बेचने लोडिंग वाहन से पचोर जा रहा था। इसी दौरान पचोर रोड स्थित कचनारिया आईटीआई के समीप मंगलवार सुबह पांच युवकों द्वारा गोपालक से अभद्रता कर गोशाला में रशीद काटने के नाम पर पैसों की मांग की गई। गोपालक की शिकायत पर देहात थाना में पांच आरोपितों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम महाबल निवासी 45 वर्षीय शोभाराम पुत्र बग्शूलाल जाटव ने बताया कि वह झालाबाड़ के दांगीपुरा निवासी गिरीराज तंवर के लोडिंग वाहन से दो गायों बेचने के लिए पचोर जा रहा था तभी कचनारिया आईटीआई के समीप चाय पीने के लिए रुका, उसी समय भारत गुर्जर, धर्मेंद्र ठाकुर के साथ तीन अन्य अज्ञात युवक आए जो गोतस्करी का आरोप लगाते हुए गाली-गलौंज करने लगे। इसके बाद युवकों द्वारा गोशाला के नाम पर 5100 रुपए की रशीद कटवाने का दबाव बनाया गया। विवाद बढ़ने पर युवक मौके से भाग गए।शहर ब्यावरा थानाप्रभारी वीरेन्द्र धाकड़ ने देहात थाना में फरियादी शोभाराम की रिपोर्ट पर दो नामजद सहित पांच के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की।संगठन के नाम पर अवैध वसूली की सूचना मिलने पर कार्यकर्ताओं ने पुलिस को शिकायत आवेदन किया, जिसमें प्रशासन को अवगत कराया गया कि कुछ दिनों से ब्यावरा और आसपास के इलाकों में कुछ लोग संगठन के नाम पर गो परिवहन संबंधित वाहनों को रोककर पैसों की वसूली कर रहे हैं।

### कुरावर के वार्ड 5 के बाशिंदों ने सौंपा आवेदन

# 35 साल से झुग्गियों में रहने के बाद भी नहीं बन पा रहे पट्टे




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले के कुरावर कस्बे के वार्ड-5 के अनेकों लोग मंगलवार को कलेक्टेट पहुंचे और सालों से एक ही स्थान पर रहने के बावजूद पट्टे न बनाए जाने संबंधी बात अधिकारियों के समक्ष रखी। आवेदकों ने इस संबंध में कलेक्टर से दरख्वास्त करते हुए जांच करवाकर सभी पात्रजनों के पट्टे बनाने की मांग रखी है। कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे आवेदकों मदन, आजाद, मुनीर, मनीष, विनोद सेन, नारायण सिंह, मोहम्मद अली, गोरधन, प्रेम भारती, राकेश सहित अन्य ने बताया कि वे कुरावर के वार्ड-5 में झुग्गियां बनाकर करीब 35 सालों से निवासरत हैं। न तो उन्हें पट्टे दिए गए हैं और न ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उन्हें मिल पाया है। आवेदकों की माने तो प्रशासन द्वारा पूर्व में दो-तीन बार सर्वे भी किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी पट्टा वितरण नहीं हो सका है।

#### मुख्यमंत्री की घोषणा का दिया हवाला

कलेक्टर के नाम संबोधित आवेदन में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उस घोषणा का उल्लेख भी किया गया जिसमें उनके द्वारा कहा गया था साल 2020 तक जो जहां मकान बनाकर रह रहा, उसे वहीं का पट्टा भी बनाकर दिया जाएगा। उक्त सभी आवासहीन झुग्गी निवासी लोगों ने कलेक्टर से अनुरोध किया कि प्रशासनिक अधिकारियों से सर्वे करवाकर तुरंत सभी के पट्टे बनवाए जाएं।

## कचराघर बना जिला अस्पताल, 8-10 दिनों से नहीं पहुंच रही कचरागाड़ी, मरीजों में संक्रमण की संभावना बढ़ी




**ब्यावरा।** राजगढ़ नगरपालिका की लापरवाही एवं गैरजिम्मेदार कार्यशैली के चलते जिला अस्पताल में सामान्य कचरे का ढेर दिन दिन बढ़ता जा रहा है। हालात यह है कि महीने में कई बाद लंबे अंतराल के बाद कचरा गाड़ी जिला अस्पताल का कचरा उठाने पहुंचती है जिस पर अस्पताल प्रबंधन ने पूर्व में भी नगरपालिका को अवगत करवाया था। परंतु ढर्रा सुधरने का नाम नहीं ले रहा है बल्कि कचरे का ढेर बढता जा रहा है जिसको जानवर खाते देखे जा सकते है परंतु नगरपालिका के जिम्मेदारों ने जैसे आखें मूंद ली हो। इसी बात को लेकर एक बार फिर सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने नगरपालिका को लिखित पत्र द्वारा अवगत कराया हैएवं पूर्व में भी जारी किए गए पत्रों का हवाला दिया है कि जिसमें कचरा गाडी 8 से 10 दिनों में कचरा उठाने की बात कही गई हैं। इससे मरीजों में संक्रमण का खतरा भी लगातार बना रहता है।

#### सीएमओ बोले पहुंच गई गाड़ी

सीएमओ राजगढ़ नगरपालिका पवन अवस्थी बोले की मंगलवार को 2 बजे हमने कचरा गाड़ी पहुंचा दी है और पता करेंगे की समय पर कचरा गाड़ी अस्पताल क्यों नहीं पहुंच रही।

## पुरातात्विक महत्व की धरोहर के पास कचरा फेंक पहुंचाया जा रहा नुकसान



**माचलपुर।** नगर की देवरा बाल्डी पर स्थित पुरातात्विक महत्व की संपदा छनिहारी, पनिहारी का पुरातत्व विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च कर जीर्णोद्धार कर सहजने का कार्य किया गया था। लोगों ने छानियारी, पनिहारी के स्तूप जिन पर आकर्षक कलाकृति कारीगरी के पत्थरों से बनी और पुरातत्व महत्व की संपदा है जहां लोग आकर्षित होकर दूर दूर से देखने और इतिहास जानने आते हैं को भी गंदगी का अड्डा बना दिया है। पूर्व में भी असामाजिक तत्वों ने अपनी शरणस्थली बनाई अब किसी अज्ञात लोगों द्वारा दूने पतल और डिस्पोजल से भरी टैक्टर ट्राली का कचरा फेका गया जिसके कारण यह चारों और गंदगी व्याप्त हो गई। और पशु इनको खाते देखा गया जो इन पशुओं की मौत का कारण भी बन सकता है। नगर परिषद को उक्त गंदगी फैलाने वाले की जानकारी जुटा कर कठोर कार्यवाही करनी चाहिए जिससे भविष्य मैं ऐसा कृत्य पुनः ना करे। पुरात्व विभाग अधिकारी मनोहर सिंह उयके के द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।

#### क्या कहना है...

मुझे एक वीडियो मिला है जिसने भी यहां कचरा फेका उसकी जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी, साथ ही नगर के सभी गार्डन धर्मशाला वालों को नोटिस जारी करेंगे।
**देवेंद्र कुमार वत्स,** मुख्य नगरपालिका अधिकारी माचलपुर

### मांडू-इंदौर का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण संपन्न



**ब्यावरा।** स्थानीय विद्यालय इंदौर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का मांडू एवं इंदौर का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने मांडू स्थित जहाज महल, रूपमती महल, हिंडोला महल, जामा मस्जिद, चतुर्भुज श्री राम मंदिर तथा मांडू की प्राचीन स्थापत्य कला का अवलोकन किया। इतिहास से जुड़े इन स्थलों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को नई दिशा प्रदान की। दूसरे दिवस पर दल ने इंदौर स्थित रीजनल पार्क, श्री गणेश मंदिर खजराना एवं पीनेक्स सिटाडेल मॉल का भ्रमण किया। डायरेक्टर 'हरिओम दांगी' ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थल-आधारित अध्ययन, सांस्कृतिक समझ एवं सामूहिकता का अनुभव कराना था, जो पूर्णतः सफल रहा। प्राचार्य चेनसिंह जाटव' ने सभी प्रमुख स्थलों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक जानकारी से विद्यार्थियों को अवगत कराया। भ्रमण दल में विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## युवाओं ने विश्व एड्स दिवस पर लोगों को जागरूक किया



**जीरापुर।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय में सिनर्जी संस्थान एवं एसबीआई फाउंडेशन ऑन व्हील्स कार्यक्रम के अंतर्गत एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा ,समस्त स्टाफ स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कार्यक्रम की शुरुआत की।इस दौरान सिनर्जी संस्थान जिला समन्वयक संतोष सेन, डॉ. राजेश चैधरी ने विश्व एड्स दिवस की थीम, समाज में फैली भ्रांतियों तथा भेदभाव को दूर करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को सुरक्षित व्यवहार अपनाने और जागरूक रहने का संदेश दिया। एचआईवी जागरूकता पर आधारित एक फिल्म भी प्रदर्शित की गई। स्वास्थ विभाग जिला हेल्थ चेकअप टीम द्वारा युवाओ का हैल्थ चेकअप भी करवाया गया। लगातार 5 सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को भेंट देकर प्रोत्साहित किया गया। रैली निकाली।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक रहने और भेदभाव-मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई। सिनर्जी संस्थान जिला समन्वयक संतोष सेन डॉ. राजेश चौधरी, दुर्गेश दांगी, सुगन दांगी, सुनील दांगी, शीतल मेनिया उपस्थित रहे।

## छात्र जोड़ो यात्रा के तहत छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित



**ब्यावरा।** मंगलवार को जिला एनएसयूआई नेता संजय पंवार द्वारा छात्र छात्राओं से चर्चा कर उन्हें देनप की सदस्यता दिलाई एवं नई कार्यकारणी का गठन किया। शासकीय माध्यमिक विद्यालय एवं बालगोपाल कालीपीठ में छात्र जोड़ो यात्रा के तहत छात्र संवाद के आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी शिक्षा, सुविधाओं, रोजगार एवं कॉलेज संबंधी समस्याओं को साझा किया, जिनका समाधान नेता संजय पंवार द्वारा प्राथमिकता से कराने का आश्वासन दिया गया। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य हर छात्र की आवाज को मजबूती देना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक वीरेंद्र सोधिया, कालीपीठ ब्लाक अध्यक्ष राहुल सिंह सोधिया,अरविंद सोधिया ब्लॉक अध्यक्ष ब्यावरा, संदीप पंवार (बापची),महेंद्र कलाकोट, सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एनएसयूआई बयावरा ने बताया कि छात्र जोड़ो यात्रा का लक्ष्य अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर मजबूत छात्र नेतृत्व तैयार करना है।

### गीता जयंती धूमधाम से मनाई गई



**कुरावर।** ग्राम बिरगड़ी स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में गीता जयंती का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में गीतापाठ के साथ पर्व को मनाया। कार्यक्रम में संकुल केंद्र कुरावर से जन शिक्षक महेंद्र सिंह खींची, कृष्णकांत शर्मा तथा पंकज चंद्रवंशी ने भाग लिया। उन्होंने गीता के श्लोकों का पाठ किया और उपस्थित छात्रों एवं अभिभावकों को गीता के आदर्शों से परिचित कराया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने कहा, गीता जयंती हमें जीवन में सत्य, धर्म और सेवा का मार्ग दिखाती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने गीता के श्लोकों का सामूहिक पाठ किया।

### नगर की सफाई व्यवस्था चरमराई, स्थाई सफाई कर्मियों ने समर्थन में किया काम बंद

# नपा के अस्थाई सफाईकर्मियों की चौथे दिन हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर





नगर पालिका में कार्यरत स्थाई कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश के बाद उत्पन्न विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आदेश के विरोध में सफाईकर्मी लगातार चौथे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे, उनके समर्थन में स्थाई कर्मी ने भी काम बंद कर दिया जिसके चलते पूरे नगर की सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई। कचरा वाहन भी नहीं निकले स्थिति यह है कि शहर के कई प्रमुख मार्गों, गलियों और मोहल्लों में कचरे का अंबार लग गया है। जगह जगह सड़क किनारे कचरा फैला हुआ है, एक तरफ स्वच्छंद रूप से घूम रहे पशु कचरा खा रहे हैं। हालात यह है कि संक्रमण फैल सकता है।

वहीं सफाईकर्मियों का कहना है कि बिना किसी स्पष्ट कारण व प्रक्रिया के उनकी सेवाएँ समाप्त कर दी गईं, जिससे उनके परिवारों का जीवन संकट में पड़ गया है। परिवार चलाना कठिन हो गया।तो दूसरी ओर नपा अपनी वित्त व्यवस्था पर भी नजर रख रही मुख्य नगरपालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे का कहना है कि यह कार्रवाई शासन के वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत की गई है। मामला तूल पकड़ता जा रहा है और कर्मचारी पुनः नियुक्ति की मांग पर अड़े हुए हैं। हड़ताल के चलते नगर की स्वच्छता व्यवस्था ढह गई है। मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्लों तक कचरा नहीं उठा पा रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। नागरिकों ने नगरपालिका से जल्द समाधान निकालने की मांग की है ताकि शहर में स्वच्छता बहाल हो सके।

इधर सफाईकर्मी संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी सेवाएं बहाल नहीं की जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उधर नगरपालिका प्रशासन स्थिति सामान्य करने के लिए उच्च अधिकारियों से चर्चा कर समाधान तलाशने की बात कह रहा है। फिलहाल टकराव के बीच शहर की सफाई व्यवस्था की मार झेल रहा है और हालात सुधारने के लिए त्वरित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। उल्लेखनीय यह भी है कि नगर पालिका में अपने चहेतो की फर्जी नियुक्ति की चर्चा चौक चौराहे पर हो रही हैं।